अप्रैल 2024 में दिल्ली की वायु गुणवत्ता में सुधार

स्रोत: पी.आई.बी.

अप्रैल 2024 में दिल्ली की वायु गुणवत्ता **में महत्त्वपूर्ण सुधार देखा गया**, विगत छह वर्षों में 'अच्छी से मध्यम' वायु गुणवत्ता वाले सबसे अधिक दिनों (23 दिन) की संख्या दर्ज की गई।

खराब वायु गुणवत्ता वाले दिनों पर नियंत्रण:

- अप्रैल 2024 में 200 से कम वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) वाले दिनों की संख्या 07 रही, जो NCR और आस-पास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग(CAQM) द्वारा लागू किये गए प्रभावी नियंत्रण उपायों को दर्शाता है।
- **PM 2.5 और PM 10 में कमी:** अप्रैल 2024 में पार्टिकुलेट मैटर (PM) 2.5 और PM 10 की दैनिक औसत सांद्रता में विगत वर्षों की तुलना में महत्त्वपूर्ण कमी देखी गई।
    - PM **हवा में उपस्थिति ठोस कणों एवं तरल बूंदों** का मिश्रण है। PM में धूल, गंदगी, कालिख, धुआँ और तरल बूंदें सम्मिलित हो सकती हैं।
        - PM10 (बड़े कण)- 10 माइक्रोमीटर या उससे कम व्यास वाले कण।
        - PM2.5 (सूक्ष्म कण)- 2.5 माइक्रोमीटर या उससे कम व्यास वाले कण।
- **एक AQI को 0 और 50 के मध्य 'अच्छा',** 51 तथा 100 के मध्य 'संतोषजनक', 101 एवं 200 के मध्य 'मध्यम', 201 व 300 के मध्य 'खराब', 301 और 400 के मध्य 'बहुत खराब' तथा 401 एवं 500 के मध्य 'गंभीर' माना जाता है।

और पढ़ें: भारत में वायु प्रदूषण और NCAP

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/delhi-s-improved-air-quality-in-april-2024